भारत सरकार
भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय
भारी उद्योग विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 5995
जिसका उत्तर मंगलवार, 11 अप्रैल, 2017 को दिया जाना है

वैश्विक प्रौद्योगिकी और व्यापार केन्द्र

5995. एडवोकेट नरेन्द्र केशव सावईकर:

क्या भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि यूएस की प्रमुख वाहन निर्माता कंपनी फोर्ड मोटर कंपनी ने चेन्नई में एक वैश्विक प्रौद्योगिकी और व्यापार केन्द्र स्थापित करने हेतु 1300 करोड़ रुपए निवेश करने में रुचि दिखाई है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या उक्त केन्द्र को स्थापित करने के लिए कोई समय-सीमा निर्धरित की गई है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस संबंध में कितने रोजगार अवसर उत्पन्न होने की संभावना है?

उत्तर
भारी उद्योग और लोक उद्यम राज्य मंत्री
(श्री बाबुल सुप्रियो)

(क) से (घ): क्योंकि ऑटोमोबाइल क्षेत्र उदारीकृत क्षेत्र है और प्रत्यक्ष विदेशी निवेश ऑटोमेटिक रूट के माध्यम से आता है, भारी उद्योग विभाग/औद्योगिक नीति एवं संवर्धन विभाग ऐसे निवेशों के लिए केन्द्रीय रूप से कोई आंकड़े नहीं रखता।

*****